<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 26.10.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना गजनेर पुलिस द्वारा अ0सं0 21/08 धारा 325 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त इन्दल जमादार पुत्र छिदम्मी उर्फ गोरेलाल निवासी ग्राम गुजराई थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना मूसानगर पुलिस द्वारा अ0सं0 31/22 धारा 323/504/506/325/34 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 आलम पुत्र फिरोज निवासी ग्राम सराय थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा अखिलेश उर्फ पुत्तन पुत्र भोला गौतम निवासी ग्राम कमसिया थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के कब्जे से 25 अदद क्वार्टर शराब नाजायज बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 417/26 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना सट्टी पुलिस द्वारा पुत्तन लाल पुत्र बालकिशन निवासी ग्राम खरका किशनपुर थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात के कब्जे से 24 अदद क्वार्टर शराब नाजायज ग्लोबस ओरेन्ज ब्रान्ड बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 72/26 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 16 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रूरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना गजनेर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना मूसानगर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 06 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।